शुक्रवार
16 जून 2023



पृष्ठ 4

**चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में कारगर है गुलाब जल**



पृष्ठ 5

**क्या आलिया की अगली फिल्म रामायण होगी?**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 133
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार खतरनाक होते हैं।
– सत्यसाई बाबा

### केदारनाथ आपदा के 10 वर्ष पूरे

## सीएम ने आपदा में हताहत हुए लोगों की मुक्ति के लिए की प्रार्थना

संवाददाता

रूद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ आपदा के दस वर्ष पूरे होने पर केदारनाथ धाम पहुंचे और आपदा में हताहत हुए श्रद्धालुओ की शांति व मुक्ति की प्रार्थना की।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ आपदा के 10 वर्ष पूरे होने पर श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर केदारनाथ की त्रासदी में हताहत हुए लोगों की शांति एवं उनकी मुक्ति के लिए हवन कर प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भगवान ईशानेश्वर के दर्शन कर पूजा अर्चना भी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीपैड से लेकर मंदिर परिसर तक सभी निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर केदारधाम में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य के दूसरे फेस के सभी कार्यों को इस साल के अंत तक पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले केदारनाथ में आई त्रासदी ने सब कुछ बर्बाद कर दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बाबा केदार के अनन्य भक्त हैं, बाबा केदार के सच्चे भक्त है। आज बाबा केदार की कृपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति के कारण ही समस्त केदार पुरी क्षेत्र दिव्य और भव्य रूप ले चुकी है और आगे भी कार्य जारी हैं। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हुए बाबा केदार से उनके स्वस्थ, दीर्घायु होने की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इस दौरान केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण के कार्य कर रहे हैं श्रमिकों से मुलाकात कर वार्तालाप कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हमारे श्रमिक विभिन्न विषम परिस्थितियों में यह कार्य रहे हैं, सभी श्रमिकों का विशेष ख्याल रखा जाए उन्हें किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का सभी तीर्थ पुरोहितों ने स्वागत किया।

इस अवसर पर बद्रीनाथ केदारनाथ

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## 25 साल पहले पुलिस अभिरक्षा से फरार 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



पिथौरागढ़। हत्या के आरोप में पिछले 25 वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार के ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुलिस लाकअप से फरार हुआ था जिसके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही भी की गयी थी।

जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 1998 को उमेद सिंह पुत्र हरी सिंह निवासी आदिचौरा, डीडीहाट द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि उनके चचेरे भाई तारा सिंह पुत्र मदन सिंह की मोहन सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी हुनेरा पट्टी आदिचौरा तहसील डीडीहाट जनपद पिथौरागढ़ द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी और लाश को फेंक दिया गया है। इस सम्बन्ध में राजस्व पुलिस क्षेत्र पट्टी आदिचौरा में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी मोहन सिंह को गिरफ्तार कर दिनांक 30 जून 1998 को उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। आरोपी को लॉकअप डीडीहाट में न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया था परन्तु आरोपी लॉकअप डीडीहाट से वर्ष 1998 में ही फरार हो गया था। जिस पर आरोपी मोहन सिंह के फरार होने के पश्चात उसकी चल-अचल सम्पत्ति की कुर्की भी की गयी थी। तथा न्यायालय द्वारा उसे मफरूर/ फरार घोषित किया गया था। जिस पर पुलिस द्वारा 25 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। आरोपी की तलाश में जुटी कोतवाली डीडीहाट पुलिस द्वारा बीते रोज एक सूचना के आधार पर आरोपी मोहन सिंह को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसने पूछताछ में बताया कि वह वर्ष 1998 में लॉकअप डीडीहाट से फरार हो गया था और नाम व भेष बदलकर गिरफ्तारी से बचने हेतु दिल्ली, पंचाब, हरियाणा, ऋषिकेश आदि जगहों पर रहा और होटल/ ढाबों व अन्य जगहों पर काम किया। घर में पूजा पाठ होने के कारण वह कुछ ही दिन पूर्व ही घर आया था। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## हिंसक भीड़ ने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के घर में लगाई आग

इम्फाल। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। अब इंफाल के कोंगबा में हिंसक भीड़ ने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन सिंह के घर में आग लगा दी। हालांकि जिस समय यह घटना हुई, उस समय केंद्रीय मंत्री घर पर नहीं थे। वहीं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह का इस



घटना पर कहा है कि मेरे गृह राज्य में जो हो रहा है उसे देखकर बहुत दुख होता है। मैं अब भी शांति की अपील करता रहूंगा। इस तरह की हिंसा में लिप्त लोग बिल्कुल अमानवीय हैं। केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन ने कहा है कि फिलहाल आधिकारिक काम के लिए केरल में हूं। उन्होंने कहा कि जिस समय घर पर हमला हुआ, उस समय मेरे इंफाल स्थित घर में कोई घायल नहीं हुआ। बदमाश पेट्रोल बम लेकर आए थे और मेरे घर के निचले और पहली मंजिल को नुकसान पहुंचाया है। इंफाल में कर्फ्यू के बावजूद उपद्रवियों की भारी भीड़ मंत्री के घर तक पहुंच गई थी। मंत्री के आवास पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की संख्या काफी कम थी, जो हिंसक भीड़ को काबू करने में नाकाम रही।

## सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 5 आतंकियों को मार गिराया

कुपवाड़ा। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां कुपवाड़ा जिले में एक ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने 5 आतंकियों को मार गिराया है। यह सभी आतंकी पाकिस्तान के रहने वाले थे।



जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर आज सुबह सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यह अभियान शुरू किया था, जिसमें यह सभी आतंकी मारे गए हैं। अब पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इससे पहले सुरक्षाबलों ने बहराबाद हाजिन में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके पास से चीन के 2 हैण्ड ग्रेनेड भी बरामद किए हैं। यह ऑपरेशन को बांदीपोरा पुलिस, 13 आरआर और सीआरपीएफ 45बीएन बटालियन ने मिलकर अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार, इस मामले में आतंकी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और यूए (पी) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले 1 जून को सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया था। पुलिस के अनुसार, सुरक्षा बलों ने फ्रीस्टिहार वारीपोरा चौराहे पर एक मोबाइल व्हीकल चेकपॉइंट (एमवीसीपी) बनाया था, जिसके बाद फ्रीस्टिहार वारीपोरा गांव में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में विशेष जानकारी मिली थी।

इस दौरान क्रॉसिंग की ओर से आ रहे दो संदिग्धों ने सुरक्षाकर्मियों को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार-महंगाई व बेरोजगारी बड़े मुद्दे

अभी हाल ही में हुए एक ताजा सर्वे में यह बात सामने आई है कि आज भी महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार सबसे बड़े मुद्दे हैं तथा बीते 10 सालों में महंगाई, बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार में बढ़ोतरी के कारण आम आदमी का जीवन सर्वाधिक प्रभावित हुआ है इसके साथ ही इस सर्वे रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा इन तीनों ही मुद्दों को नजरअंदाज किया गया है और इनके समाधान की कोई ठोस पहल नहीं की गई है। 2024 के आम चुनाव का रुख समझने के उद्देश्य से कराए गए इस सर्वे के नतीजे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकप्रियता में पहले और राहुल गांधी को दूसरे स्थान पर रखा गया है तथा तीसरी बार फिर भाजपा के सत्ता में आने की संभावना जताई गई है और इस जीत के पीछे मोदी और भाजपा का राष्ट्रवाद का मुद्दा तथा हिंदुत्व और उसके प्रचार के तरीके को मुख्य एजेंडा बताया गया है। देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने आम आदमी की मुश्किलों को और अधिक बढ़ा दिया है इस सच को भले ही मोदी और सत्ता में बैठे उनके सहयोगी स्वीकार करें या न करें लेकिन जानते जरूर है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने करोड़ों लोगों को गरीबी की भट्ठी में झोंक दिया है। बीते 10 साल में हुई अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि का प्रभाव ग्रामीणों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। वर्तमान सरकार चुनाव से पूर्व अब रोजगार मेलों का आयोजन कर इस बात का प्रचार कर रही है कि बेरोजगारी को लेकर सरकार कितनी चिंतित है तथा बेरोजगारों के लिए कितना काम कर रही है। बेरोजगार मेला भी सरकार का एक ऐसा फंडा है जो महज प्रचार पाने के लिए अपनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगर अपने कार्यकाल में बेरोजगारों के लिए अगर कुछ किया होता तो शायद उन्हें आज युवाओं को यह समझाने की जरूरत नहीं पड़ती की स्वरोजगार भी रोजगार है और न इन रोजगार मेलों की जरूरत पड़ती। बात अगर भ्रष्टाचार पर रोकथाम की करें तो इन मामलों में भी मोदी सरकार की फिसड्डी साबित हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की तरह भले ही खुद मोदी भी मिस्टर क्लीन कहलाते हो लेकिन उनके मंत्री, सांसद और विधायक खूब भ्रष्टाचार की गंगा में गोते लगा रहे हैं। अभी नरेंद्र नगर में जी-20 की बैठक में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तमाम देशों के प्रतिनिधियों ने खूब माथापच्ची की। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट जब मीडिया को बता रहे थे कि हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार से मिलकर लड़ेंगे तो उनसे पूछ लिया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए वह क्या कुछ कर रहे हैं? तो वह बगले झांकने लगे। दरअसल भाजपा के नेता जिस विजय रथ पर सवार है उन्हें अब महंगाई व बेरोजगारी तथा गरीबी और भ्रष्टाचार के मुद्दे नजर ही नहीं आते हैं। उन्हें राष्ट्रवाद, हिंदुत्व तथा मंदिर मस्जिद और बजरंगबली ही सबसे बड़े राजनीतिक मुद्दे रास आ रहे हैं। जिन का प्रचार करने की उनके पास ऐसी अकूत क्षमता है कि उनके सामने विपक्ष के असली मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार कहीं टिक ही नहीं पा पा रहे हैं। 2024 का चुनाव कट्टर हिंदुत्व और धार्मिक आधार पर वोटों के ध्रुवीकरण पर ही लड़ा जाएगा जिसमें राष्ट्रवाद का तड़का लगाने में कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। यह चुनाव परिणाम ही बताएंगे की असली मुद्दों पर चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दल सत्ता की घोड़े पर सवार भाजपा का कितना मुकाबला कर पाते हैं और कितना नहीं।

# पीएम मोदी ने नौ साल में किये विकास कार्यः ठाकुर

संवाददाता

देहरादून। भाजपा संयुक्त मोर्चा के सम्मेलन में पहुंचे सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नौ साल के कार्यकाल में विकास की गंगा प्रवाहित की है।




आज यहां भारतीय जनता पार्टी कैन्ट विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन नाथ वैडिंग प्वाइंट मे किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विवेक ठाकुर सांसद बिहार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में विकास की गंगा पूरे देश में प्रवाहित की है। मोदी ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश की जनता को लाभान्वित कर रहे हैं। कैन्ट विधायक श्रीमति सविता कपूर ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश एंव पूरे विश्व में एक ख्याति प्राप्त की है। देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। भाजपा कैन्ट विधानसभा के सभी मोर्चे आने वाले चुनावों में दम खम के साथ उतरेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगें फिर से मोदी को जीत दिलाने का काम भाजपा का एक एक कार्यकर्ता करेंगा। इस अवसर भाजपा नेता विनय गोयल, जोगेंद्र सिंह पुण्डीर, मंडल अध्यक्ष सुमित पाण्डे, अन्जू बिष्ट, महामंत्री शेखर नौटियाल, विनोद रावत, सुरज बिष्ट, अतुल बिष्ट, पार्षद अमिता सिंह, समिधा गुरुंग, महेंद्र कौर कुकरेजा, रीता विशाल विजय गुप्ता, भूपाल चंद, रंजीत सेमवाल, आशिष शर्मा, मनोज शर्मा, विकास बेनवाल, विजय काम्बोज, तेजपाल सैनी राजेश चौधरी, एंव सभी मोर्चो के अध्यक्ष अपनी अपनी कार्यकारीणी के साथ उपस्थित रहे।

## परिषद ने 2013 में आयी आपदा में मरने वालों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने केदारनाथ में 2013 को आयी आपदा में मरने वालो श्रद्धालुओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। आज यहां उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के कार्यकर्ताओं ने कचहरी परिसर शहीद स्मारक में 16 जून 2013 को केदारनाथ में आई आपदा में मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्मरण रहे कि आज से 10 वर्ष पूर्व केदारनाथ में भारी आपदा आई थी जिसमें कई लोग मारे गए थे कई घर बर्बाद हो गए थे। इस आपदा में कई लोगों की लाशें तक नहीं मिली थी लेकिन भगवान की कृपा से केदारनाथ धाम अपने पुराने रूप में स्थापित हो चुके हैं वहां का विकास भी सरकार अपने स्तर से कर रही है और निकट भविष्य में भी करती रहेगी। इस आपदा में उस दौरान मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि देने वालों में आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के संरक्षक नवनीत गुसाई, जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रभात डंडरियाल, विपुल नौटियाल, धर्मानंद भट्ट सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## राजमिस्त्री ने की आत्महत्या

देहरादून (सं)। राजमिस्त्री ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आज यहां कोतवाली डोईवाला पर सूचना प्राप्त हुयी लालतपड डोईवाला निवासी कॉलर सतीश द्वारा बताया है कि उसके ताऊ का लड़का सुखदेव जो पड़ोस मे ही रहता है। जो कि 45 वर्ष का है उसने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्राप्त सूचना पर प्रभारी डोईवाला द्वारा तुरंत चौकी प्रभारी लालतप्पड़ को फोर्स के साथ तुरन्त मौके पर भेजा गया। मौके पर परिवारजन मौजूद थे । जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि घर के एक कमरे मे सुखदेव पुत्र स्व श्री प्रकाश सिंह निवासी लाल तपड़, डोईवाला उम्र 45 वर्ष ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक उपरोक्त राजमिस्त्री का कार्य करता है। शराब पीने का आदी था। शव को पुलिस द्वारा अपनी सपुर्दगी मे लेकर परिवारजनो की उपस्थिति में पंचायतनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम कराने हेतु चिकित्सालय भेजा गया है। आत्महत्या करने के कोई तथ्य प्रकाश में नहीं आए, प्रकरण की जाँच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स ने किया वृक्षारोपण

देहरादून (सं)। भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेटस ने अपने प्रादेशिक कैंपिंग सेंटर में वृक्षारोपण किया। आज यहां भारत स्काउट एंव गाइड उत्तराखंड के प्रादेशिक कैंपिंग सेंटर भोपाल पानी रायपुर रोड़ देहरादून मे वृक्षारोपण कार्यक्रम भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत स्काउट एवं गाइड के प्रदेश सचिव रविंद्र मोहन काला एवं उप मुख्य वार्डन नागरिक सुरक्षा उमेश्वर सिंह रावत के द्वारा बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी के साथ-साथ वृक्षारोपण करवाया गया रावत ने कैडेट्स का आह्वान किया कि आज के इस ग्लोबल वार्मिंग के समय में हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए इस अवसर पर आम, अमरूद, लीची आदि प्रजाति के फलदार पौधे रोपे गए।

## युवा मोर्चा ने आयोजित किया नव मतदाता सम्मेलन

संवाददाता




देहरादून। युवा मोर्चा ने कैण्ट विधानसभा क्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया। आज कैंट विधानसभा युवा मोर्चा द्वारा नव मतदाता सम्मेलन कार्यक्रम आईटीएम कॉलेज मे आयोजित किया गया। जिसमें लोकप्रिय विधायक श्रीमती सविता कपूर ,युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री राजेश रावत, महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा देवेंद्र बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल, महानगर मंत्री और युवा मोर्चा प्रभारी संकेत नौटियाल, महानगर उपाध्यक्ष पारस गोयल, का उद्‍बोधन, मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जीएमएस मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा चन्द्रसागर उनियाल(चन्दा)एवं समस्त युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

*तुविशुष्म तुविक्रतो शचीवो विश्वया मते।*
*आ पप्राथ महित्वना॥*

(ऋग्वेद ८-६८-२)

परमेश्वर सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ और सर्वव्यापक है। सारा ब्रहमांड प्रभु की महिमा को दर्शाता है। वह ही सर्वत्र पूजनीय है।

God is omnipotent, omniscient and omnipresent. The whole universe reflects the glory of the Lord. He alone is worshippable everywhere. (Rig Ved 8-68-2)

# नीलसेन इण्डिया के नाम पर ठगे पौने चार लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। नीलसेन इण्डिया कम्पनी के नाम से घर बैठे काम देने का झांसा देकर पौने चार लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डालनवाला निवासी निकुंज अग्रवाल ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकें मोबाईल नम्बर पर एक अज्ञात मोबाईल नम्बर पर व्हाटसअप पर एक मैसेज आया जिसमें उक्त व्यक्ति ने अपना नाम अमायरा खान बताया व स्वयं को नीलसेन मीडिया इण्डिया कम्पनी में अस्टिटेण्ट एचआर होना बताया और पार्ट टाईम जॉब करने हेतु उससे कहा गया और काम कैसे करना है इसके बारे में बताते हुए यू ट्यूब के दो लिंक भेजे, जिसके माध्यम से यू ट्यूब पेज को सबसक्राईब करने के लिये कहा गया, जिसके बाद उसके द्वारा यू ट्यूब पेज को सबसक्राईब करने के बाद अज्ञात महिला (अमायरा खान) द्वारा व्हटसअप नम्बर पर टेलिग्राम ग्रुप ज्वाइन करने हेतु लिंक भेजा, जिसको उसके द्वारा ज्वाईन करने पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा काम कैसे करने है पूरी प्रक्रिया समझाई गई, तथा उसको एक टेलिग्राम ग्रुप ज्वाइन करने के लिये लिंक भेजा और उसकी यूपीआई आईडी मांगी जिस पर उनके द्वारा उसको यू ट्यूब पैज को सबसक्राईब करने के लिये 200 रूपये भेजे गये, उसको उनके द्वारा पैसे भेजे जाने पर विश्वास करके उसके द्वारा उनके टेलिग्राम ग्रुप को ज्वाईन कर लिया गया, जिस ग्रुप में एडमिन व नीलसन मीडिया इण्डिया के कर्मचारी बनकर उसको टास्क दिया गया कि वह यू-ट्यूब के सबसक्राईबर को बढ़ाए प्रत्येक सबसक्राईबर बड़ने पर 50 रूपये देने की बात कही, जो उसको ठीक लगा तो उसके द्वारा उनके टेलीग्राम ग्रुप पर दिये गये निर्देशों के अनुसार काम करता गया, जिसके एवज में उसको लालच देकर उनके द्वारा स्वंय को नीलसन मीडिया इण्डिया का कर्मचारी बताकर कुल 3,79,000 रूपये का ऑनलाईन धोखा धडी की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सोशल मीडिया पर तमंचा लहराकर दिखा रहा था दबंगई, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सोशल मीडिया पर अवैध असलाह के साथ धमकी भरे स्टेटस लगाकर दबंगई दिखाना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने उसे तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।



मामला लक्सर कोतवाली क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रोज लक्सर पुलिस को सूचना मिली कि सोशल मीडिया पर एक युवक का तमंचा लहराते दबंगई दिखाने का वीडियों वायरल हो रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी गयी। युवक की तलाश में जुटी पुलिस को आज सुबह सूचना मिली कि उक्त युवक जसोदरपुर तिराहे सुल्तानपुर के समीप देखा गया है। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उक्त युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवम उर्फ डीएम पुत्र राजकुमार निवासी सुल्तानपुर कोतवाली लक्सर बताया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा मय 4 जिन्दा कारतूस बरामद किये। जिसे शस्त्र अधि नियम के तहत गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार एक फरार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक मौके पर स्कूटी छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने चन्द्रभागा ढालवाला के पास चैकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने स्कूटी की डिग्गी से 58 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम हिमांशु पुत्र सुनील कुमार निवासी बहादराबाद हरिद्वार बताया। वहीं राजपुर थाना पुलिस ने धौरण के पास एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने उसका पीछा किया तो वह आम के बाग के पास स्कूटी छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने स्कूटी की डिग्गी से 49 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। वहीं सेलाकुई थाना पुलिस ने 60 पव्वों के साथ एक को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम रंजन मंडल पुत्र ब्रहमदेव मंडल निवासी मधु विहार सेलाकुई बताया। पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उधार के रुपये मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता

देहरादून। उधार के चार लाख रूपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्वर नगर निवासी विवेक शर्मा ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि तरुण कुमार रजक जो कि पेशे से टैक्सी चलाता है और विनायक मोबाईल के नाम से दुकान (पी.एन.बी.) बैंक के पास सहस्रधार रोड पर भी चलाता है उसने उससे चार लाख पचास हजार रुपये लगभग दो साल पहले मोबाईल शॉप खोलने के लिये कहकर उधार लिये थे। जिन्हे बार बार माँगने पर भी वापस नहीं कर रहा है तथा कह रहा है अगर उससे फिर कभी पैसे वापस माँगे तो जान से मार दूँगा तथा उसके परीवार वालो को भी नुकसान पहुँचाने कि धमकी दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# युवती से छेडछाड व जबरदस्ती करने पर दो लोगों पर मुकदमा

देहरादून (सं)। युवती को जबरदस्ती अपने साथ ले जाने का प्रयास करने व मारपीट करने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लैसडाउन निवासी युवती ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि अपने घर लैंसडाउन से कान के इलाज के लिये ऋषिकेश एम्स में आई थी वहीं पर रईस चौधरी और एक व्यक्ति आया और उसको जबरदस्ती गेस्ट हाउस चलने के लिये कहने लगा, रईस चौधरी को वह जब पहले देहरादून नोकरी के लिये आयी थी तो एक व्यक्ति ने उसे इससे मिलवाया था और कहा था कि इसकी अच्छी बातचीत है तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में काम करता है जिस कारण से उससे उसकी बातचीत होने लगी। उसने उसके आगे विवाह का प्रस्ताव भी रखा था जिसको उसने कबूल कर लिया था लेकिन बाद में उसके बारे में उसको जानकारी मिली कि वह अपराधी प्रवृत्ति का है तो उसने मना कर दिया। इसके बाद भी वह उसको पीछा कर रहा है।

# हरी सब्जियां खाने से आनाकानी करते हैं बच्चे तो अपनाएं ये तरीके

अक्सर बच्चे हरी सब्जियों को देखकर मुंह चिढ़ाने लगते हैं। उन्हें हरी सब्जी के नाम से ही चिढ़ होने लगती है जबकि हम जानते हैं कि बच्चों के लिए हरी सब्जियां कितनी फायदेमंद होती हैं। ऐसे में उन्हें किसी न किसी तरह से हरी सब्जियां खिलाने के तरीके ढूंढने लगते हैं। बच्चों को उम्र और शारीरिक गतिविधियों के आधार पर रोजाना 1 से 3 कप रंग-बिरंगी सब्जियां खानी चाहिए।



अगर आपका बच्चा भी हरी सब्जियां खाने में आनाकानी करता है तो कुछ टिप्स की मदद से आप उसके आहार में इन्हें शामिल कर सकती हैं।

पसंदीदा डिश में डालें

अगर आपके बच्चे को नूडल्स या कोई और डिश पसंद है तो उसमें ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जियों का इस्तेमाल करें। इससे नूडल्स से होने वाला नुकसान कम हो जाएगा और आपके बच्चे को जरूरी पोषण मिल पाएगा। पिज्जा और बर्गर में भी आप हरी सब्जियों का प्रयोग कर सकती हैं।

खाने को न करने की आदत

भोजन के मामले में आपको अपने बच्चे को कुछ अच्छी आदतें डालनी चाहिए। उसे सिखाएं कि खाने में जो भी बना है, वो उसे खाना है। वहीं अगर बच्चा हरी सब्जियों को देखकर खाने से मना करता है तो ये आपकी जिम्मेदारी है कि आप खाने में हरी सब्जियों का इस्तेमाल इतनी दिलचस्पी से करें कि वो मना न कर पाए।

अलग आकार दें

बच्चे खाने को देखकर भी उसके अच्छे या बुरे होने का पता लगा लेते हैं। आप हरी सब्जियों को अलग आकार या रंग-रूप में पेश कर के उन्हें दे सकती हैं।

स्मूदी बनाएं

आप केल या पालक की स्मूदी भी बनाकर दे सकती हैं। इसमें योगर्ट का बेस दें और उसके साथ अनानास, थोड़ा नारियल पानी, ओट्स और शहद डालें। इससे बच्चों के लिए टेस्टी स्मूदी बन जाएगी और उन्हें पोषण भी मिल जाएगा।

सूप

बच्चों को हरी सब्जियां खिलाने के सबसे बेहतरीन तरीकों में एक सूप भी है। आप सूप में कई तरह की सब्जियों का इस्तेमाल कर सकती हैं। पालक या ब्रोकली का सूप भी बहुत अच्छा रहेगा।

कटलेट

बोरिंग आलू टिक्की की बजाय चीज के साथ कटलेट बनाएं। बच्चों को चीज बहुत पसंद होती है। आप कटलेट में ब्रोकली, आलू, मटर, पालक और बंदगोभी डाल सकती हैं। इस तरह बच्चे को स्वाद के साथ-साथ पोषण भी मिल जाएगा। अगर आपका बच्चा हेल्दी खाने को देखकर नाक-मुंह चिढ़ाता है तो अब ये आपकी जिम्मेदारी है कि आप उसे पोषण के साथ-साथ अच्छे स्वाद वाली चीजें खिलाएं। जो भी आपके बच्चे को पसंद है, आप उसमें सब्जियों का इस्तेमाल कर उस डिश का पोषण बढ़ा सकती हैं।

# कम जोखिम में लाभ के निवेश का विकल्प



आलोक पुराणिक

सिप यानी सिस्टमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान छोटे निवेशकों के लिए बहुत ठीक किस्म का निवेश का तरीका होता है। सिप में नियमित अंतराल पर निवेशक एक राशि म्यूचुअल फंड को दे देते हैं और म्यूचुअल फंड तय स्कीम में उस रकम का निवेश कर देता है। सिप को कई मामलों में अच्छी ईएमआई के तौर पर प्रचारित किया जाता है वैसे पुराने दायित्व को निपटाने का नाम है ईएमआई।

इसके उलट सिप भविष्य की संपत्ति बनाने की तैयारी है। हाल में आये आंकड़ों से साफ होता है कि तमाम छोटे निवेशक इस तथ्य से सजग हो रहे हैं कि निवेश का सही तरीका सिप के जरिये ही सुनिश्चित किया जा सकता है। हाल में आये आंकड़ों में एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स आफ इंडिया यानी एएमएफआई ने बताया है कि जनवरी में सिप के जरिये निवेशित राशि 8532 करोड़ रुपये पर पहुंची। लगातार चौदहवें महीने सिप के जरिये संग्रहित राशि का स्तर 8००० करोड़ रुपये से ऊपर का रहा। तमाम म्यूचुअल फंडों की तमाम निवेश योजनाओं के जरिये तमाम म्यूचुअल फंडों के पास 28 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की परसंपत्तियां पहुंच गयी हैं। कुल मिलाकर निवेश संस्कृति में सिप का योगदान लगातार बढ़ रहा है।

समझदारी इसमें है कि बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराये बिना ही निवेशक अपनी सिप राशि या निवेश की मासिक किस्त के भुगतान को जारी रखें। बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराने वाले निवेशकों को अपना सारा निवेश शेयर आधारित निवेश योजनाओं में नहीं रखना चाहिए बल्कि निवेश का एक हिस्सा कर्ज प्रतिभूति आधारित निवेश योजनाओं में रखना चाहिए।

गौरतलब है कि जो कर्ज लेता है, वह ब्याज देता है। ब्याज की दर तय होती है। कर्ज प्रतिभूतियों में निवेश का एक जोखिम यह हो सकता है कि कहीं ब्याज और मूलधन डूब तो ना जायेगा। पर इतनी उम्मीद म्यूचुअल फंड से की जाती है कि वह निवेश के न्यूनतम मानकों के आधार पर समग्र विश्लेषण करके उन्हीं कर्ज प्रतिभूतियों में निवेश करेगा, जहां जोखिम न्यूनतम हो और रिटर्न की संभावनाएं अधिकतम हों। इसी रणनीति पर काम करना म्यूचुअल फंडों का उद्देश्य होता है। खालिस शेयर आधारित योजनाओं में निवेश करने वाली योजनाएं ज्यादा जोखिम लेकर आती हैं और खालिस कर्ज प्रतिभूतियों में निवेश करने वाली योजनाएं जोखिम तो कम कर देती हैं पर साथ में रिटर्न भी कम ही हो जाता है। कर्ज और शेयर आधारित योजनाओं में सम्मिलित निवेश करने वाली योजनाएं कम जोखिम पर अपेक्षाकृत ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। आंकड़ों के हिसाब से डीएसपी इक्विटी एंड बांड फंड ने एक साल में 23.75 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि यह रिटर्न तो बहुत ही असाधारण है पर इसके दूसरे आंकड़े बताते हैं कि तमाम अवधियों में इसके रिटर्न बेहतरीन रहे हैं। इसने तीन सालों के हिसाब से इसने सालाना रिटर्न 1०.37 प्रतिशत का दिया है। यह भी रिटर्न बेहतरीन ही माना जायेगा। पांच सालों में इसने सालाना रिटर्न 1०.15 प्रतिशत का दिया है। 7 सालों में इसका सालाना रिटर्न 13.7० प्रतिशत का रहा है। 1० सालों की लंबी अवधि में इसका सालाना रिटर्न 11.69 प्रतिशत का रहा है। इसके रिटर्न को बेहतरीन माना जा सकता है।

कुल मिलाकर अपेक्षाकृत कम जोखिम उठाकर लाभ हासिल करने के इच्छुक निवेशक इस निवेश विकल्प पर विचार कर सकते हैं और अपने निवेश योग्य संसाधनों का एक हिस्सा डीएसपी इक्विटी एंड बांड फंड में निवेशित कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड निवेश में बाजार जोखिम रहते हैं। इसलिए निवेशक अपना अध्ययन करें या किसी वित्तीय सलाहकार की सलाह लें।

# नाना पटोले की जगह अशोक चव्हाण!



मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष के तौर पर वर्षा गायकवाड की नियुक्ति हुई है। उनके साथ ही महाराष्ट्र कांग्रेस का अध्यक्ष भी बदला जाना था लेकिन नाना पटोले के बारे में फैसला नहीं हो सका। बतौर प्रदेश अध्यक्ष उनका बहुत ज्यादा विरोध हो रहा है। न सिर्फ कांग्रेस के नेता उनका विरोध कर रहे हैं, बल्कि सहयोगी पार्टियों के नेता भी खिलाफ हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट के साथ उनका विवाद जगजाहिर है और एमएलसी चुनाव के समय सत्यजीत तांबे की टिकट को लेकर जो विवाद हुआ वह भी सब जानते हैं। बदलाव का अंदेशा भांप कर पटोले ने पहले से अपने समर्थकों को दिल्ली में बैठाया था। उन्होंने ओबीसी नेतृत्व का हवाला देकर नाना पटोले को बनाए रखने की पैरवी की। हालांकि कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने तय कर लिया है कि नाना पटोले की जगह नया अध्यक्ष बनेगा। यह भी कहा जा रहा है कि एक बार फिर पुराने अध्यक्ष अशोक चव्हाण की वापसी हो सकती है।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस की ओर से कराए गए सर्वेक्षण में अशोक चव्हाण को सबसे सक्षम और स्वीकार्य बताया गया है। विपक्षी पार्टियों को उनसे ऐतराज नहीं है। हालांकि उनके बारे में कुछ दिन पहले खबर थी कि वे भाजपा के संपर्क में हैं। तभी कांग्रेस के कई नेता इस आधार पर उनका नाम काटने की कोशिश कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि मराठा वोट की बजाय कांग्रेस को ओबीसी वोट की चिंता करनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस इस समय वोट की बजाय संगठन को एकजुट और मजबूत बनाने की चिंता में है और यह काम अशोक चव्हाण बेहतर ढंग से कर सकते हैं। उनके अलावा सुशील शिंदे, पृथ्वीराज चव्हाण का भी नाम है। ओबीसी नेता के तौर पर सुनील केदार के नाम की भी चर्चा है। (आरएनएस)

# पटना में विपक्षी पार्टियां क्या करेंगी?

बिहार में 23 जून को सभी विपक्षी पार्टियों की मीटिंग में क्या होगा? क्या भाजपा के खिलाफ विपक्ष के गठबंधन की घोषणा हो जाएगी? इसकी संभावना कम है क्योंकि ज्यादातर पार्टियां मान रही हैं कि अभी उसका समय नहीं आया है। इसी तरह सीटों पर बातचीत भी अभी नहीं होगी। वह चर्चा राज्यवार होगी। यह मोटे तौर पर ऑप्टिक्स के लिए यानी दिखावे के लिए बैठक हो रही है, जिसके सबसे बड़े लाभार्थी नीतीश कुमार हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि उनको और शरद पवार को विपक्षी गठबंधन को औपचारिक रूप देने और पार्टियों के बीच सीटों का तालमेल बनवाने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। बताया जा रहा है कि गठबंधन की रूपरेखा को लेकर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस दबाव डालेगी कि यूपीए के बैनर तले ही सारी पार्टियां चुनाव लड़ें। दूसरी ओर प्रादेशिक पार्टियां चाहेंगी कि नया गठबंधन बने।

इसका कारण यह है कि ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और के चंद्रशेखर राव कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए के बैनर तले चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। इसके अलावा लेफ्ट पार्टियां भी यूपीए का हिस्सा नहीं बनेंगी। इसलिए कोई नया गठबंधन बन सकता है। इस बारे में पटना में बातचीत होगी।

इसके अलावा भाजपा के खिलाफ चुनावी एजेंडा तय करने और न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने के बारे में बात होगी और कहा जा रहा है कि इसके लिए एक कमेटी अलग बनाई जा सकती है। सीटों पर बात करने की एक कमेटी अलग हो सकती है। इन कमेटियों की बैठक अलग अलग होती रहेगी और उनकी सिफारिशों पर विचार के लिए सभी पार्टियों की एक नियमित बैठक हर महीने या दो महीने पर हो सकती है। इस बारे में फैसला होगा कि बिहार जैसी ग्रैंड बैठक अलग अलग राज्यों में हर महीने या दो महीने पर हो। अगली बैठक किसी कांग्रेस शासित राज्य में हो सकती है। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में कारगर है गुलाब जल



यदि आप भी अभी तक गुलाब जल का उपयोग नहीं करती हैं तो इसके फायदे जानने के बाद अवश्य करने लगेंगी। गुलाब जल को त्वचा पर लगाने के बहुत सारे फायदे हैं। ये ना सर्फ त्वचा को नेचुरल ग्लो देता है बल्कि जल्दी से दिखने वाली एजिंग को भी समाप्त करता है। चेहरे के सबसे सेंसेटिव स्किन एरिया आंखों के आसपास की त्वचा पर गुलाबजल लगाने के बहुत सारे फायदे हैं। 3० के पश्चात् आंखों के आसपास की त्वचा यदि डार्क नजर आने लगी है तथा उस पर रिंकल हो रहे हैं तो इन तरीकों से गुलाब जल लगाएं।

रिंकल्स के लिए:-

आंखों के आसपास की त्वचा यदि लूज होने लगी है तो प्रतिदिन आधा चम्मच बादाम के तेल में गुलाब जल की कुछ बूंदों को मिलाकर हल्के हाथ से मसाज करें। लगभग आधे घंटे बाद चेहरे को वॉश कर लें।

डार्क सर्कल के लिए:-

आंखों के नीचे गहरे काले घेरे पड़ गए हैं तो चंदन पाउडर में गुलाबजल को मिक्स कर लें। इस पेस्ट को आंखों के आसपास के भाग पर लगाकर छोड़ दें। लगभग 1० मिनट पश्चात् पानी से भीगे कॉटन बॉल की सहायता से क्लीन कर दें। ये आंखों के आसपास की सेंसेटिव स्किन को एक्सफोलिएट कर देगा।

आंखों को रिलैक्स करने के लिए:-

निरंतर स्क्रीन पर देखते-देखते आंखें थक गई हैं तो गुलाबजल की कुछ बूंदों को कॉटन बॉल पर डुबोएं एवं फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। इन कॉटन बॉल्स को आंखों पर लगभग 3० मिनट रखें। इससे आंखों की जलन और थकान दूर होगी और चेहरे पर फ्रेशनेस नजर आएगी। (आरएनएस)

# 30 वर्ष की उम्र के बाद अधिकतर महिलाओं को होता है किडनी डिजीज का खतरा

किडनी से संबंधित परेशानियों का सामना किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में करना पड़ सकता है, लेकिन महिलाएं इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं. 3० वर्ष की उम्र के बाद अधिकतर महिलाओं को किडनी से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ता है.



3० साल के बाद महिलाओं में किडनी संबंधित परेशानियों के मुख्य कारण निम्नलिखित हो सकते हैं:

उम्र:-

महिलाओं में उम्र के साथ किडनी के संबंधित समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। जैसे कि उम्र बढ़ने के साथ, किडनी की कार्यशीलता में कमी हो सकती है और किडनी की संरचना में परिवर्तन हो सकता है, जिससे संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

डायबिटीज (मधुमेह):-

डायबिटीज महिलाओं में किडनी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण हो सकता है। उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण, किडनी के रक्त संचार में कमी हो सकती है और किडनी को क्षति पहुंच सकती है।

हार्ट रोग:-

हृदय रोगों के मौजूद होने पर किडनी पर अस्पष्ट प्रभाव पड़ सकता है। उच्च रक्तचाप, अवसाद या अन्य हृदय समस्याएं किडनी के संबंधित स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं।

विटामिन और मिनरल की कमी:-

आपूर्ति में विटामिन और मिनरल की कमी किडनी स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकती है। विटामिन डी, बी-कॉम्प्लेक्स या उपादानों की कमी से किडनी संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

रक्तनलिका संक्रमण:-

महिलाओं में रक्तनलिका संक्रमण किडनी संबंधित समस्याओं का एक प्रमुख कारक हो सकता है। संक्रमण किडनी की संरचना और कार्यशीलता को प्रभावित कर सकता है, जिससे संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

यदि किसी महिला को किडनी संबंधित समस्याएं हो रही हैं, तो उन्हें एक वैद्यकीय विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए ताकि उचित निदान और उपचार प्राप्त कर सकें।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -049


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

# तमन्ना भाटिया की जी करदा इस ओटीटी पर होगी रिलीज

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की अपकमिंग कंटेम्परेरी रोमांस ड्रामा सीरीज जी करदा 15 जून से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

जी करदा, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी, बचपन के सात दोस्तों की एक दिलचस्प कहानी है, जिन्होंने सोचा था कि जब वे 3० साल के होंगे, तब उनकी जिंदगी बेहद आसान और सपनों-सी सुंदर होगी।



हालांकि, 3० साल के होने पर उन्हें एहसास होता है कि उनकी जिंदगी तो परेशानियों से भरी है। वे साथ रहते हैं, प्यार करते हैं, हंसते हैं, गलतियां करते हैं, उनका दिल टूटता है, और वे थोड़े बड़े हो जाते हैं, लेकिन इस सब के बीच उन्हें लगता है कि गहरी दोस्ती और गहरे नाते भी अधूरे होते हैं और जिंदगी अबूझ पहेली की तरह है।

दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित जी करदा अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित है और हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह-लिखित है। आठ एपिसोडिक शो में आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, संवेदना सुवालका, सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर भी हैं।

इंडिया ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो की प्रमुख अपर्णा पुरोहित ने कहा, जी करदा प्यार, दिल टूटने, डेटिंग, परिवार से जुड़ाव और इन सब बातों से बढ़कर, दोस्ती के अटूट बंधन के बारे में दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो हमें रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ावों से भरे सफर पर ले जाती है।

# भारतीय रीमेक सिटाडेल के लिए वरुण धवन, सिकंदर खेर ले रहे एक्शन की ट्रेनिंग

एक्टर वरुण धवन और सिकंदर खेर सिटाडेल के अपकमिंग भारतीय रीमेक के लिए एक्शन ट्रेनिंग पर जोर दे रहे हैं।

वरुण और सिकंदर ने सीक्वेंस को करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, एक्टर फिलहाल एक्शन सीक्वेंस की तैयारी के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं।

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक- सीरीज में हाई-इंटेंस एक्शन होने वाला है और यह एक स्पाई सीरीज होने के नाते इसमें मूवमेंट और फाइट सीक्वेंस में एक खास तेजी होनी चाहिए, जिसके लिए अभी ट्रेनिंग चल रही है। सीरीज के लिए जुलाई तक शूट जारी रहेगा।

सीरीज में सामंथा रुथ प्रभु भी हैं। द फैमिली मैन के निर्माता राज और डीके द्वारा निर्देशित सिटाडेल उसी नाम की बड़ी इंटरनेशनल सीरीज का इंडियन काउंटरपार्ट है, जिसे ओरिजनल से निर्देशक जोड़ी रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाया गया है।

सीरीज के ग्लोबल वर्जन में प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन हैं।

# पति की मौत का बदला लेने के लिए 'मिजार्पुर 3' में आ रही ईशा तलवार

एक्ट्रेस ईशा तलवार फिलहाल 'मिजार्पुर 3' का इंतजार कर रही हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब कोई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो दिलचस्प ड्रामे के अलावा किसी और चीज की उम्मीद न करें। एक्ट्रेस माधुरी यादव की भूमिका में हैं। सीजन 3 में वह मुन्ना भैया की पत्नी के रूप में नजर आएंगी और अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए गुड्डू पंडित (अली फजल) और गोलू गुप्ता (श्वेता त्रिपाठी शर्मा) से मुकाबला करेंगी।

ईशा ने कहा- माधुरी यादव, जैसा कि हमने पहले ही मिजार्पुर सीजन 2 में देखा था, कालीन भैया से सत्ता लगभग छीन ली थी, जिसका किरदार पंकज त्रिपाठी ने निभाया था।

जब आप शो में इस तरह के एक महत्वपूर्ण किरदार को देखते हैं, तो ड्रामा के अलावा कुछ भी उम्मीद न करें। यह अगला भाग शो के करीब एक और कहानी के लिए छोड़ा जा सकता है क्योंकि मुन्ना की मौत के बारे में दर्शक अभी भी भ्रमित हैं, मैं इसे व्यक्तिगत अनुभव से जानती हूं।

वह हाल ही में होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित 'सास बहू और फ्लेमिंगो' में नजर आई थीं।

'सास बहू और फ्लेमिंगो' में सावित्री के किरदार में डिंपल कपाड़िया भी हैं, जो एक ड्रग कार्टेल चलाती हैं, और उनकी बहू अंगिरा धर और ईशा व बेटी राधिका मदान द्वारा समर्थित है।

इस शो में नसीरुद्दीन शाह, आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल, मोनिका डोगरा और जिमित त्रिवेद भी हैं। यह वर्तमान में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग है।

# क्या आलिया की अगली फिल्म रामायण होगी?



एक्ट्रेस आलिया भट्ट इस साल लगातार ऊचाइंयों को छू रही हैं। इस साल मेट गाला में डेब्यू से लेकर हॉलीवुड की शुरुआत तक, स्टार हर किसी को टक्कर दे रही हैं। वहीं आलिया अभी यहीं नहीं थमने वाली वो इस साल और बड़े धमाके करने वाली हैं, और वह पूरी तरह से अपने नए प्रोजेक्ट की तरफ बढ़ रही हैं। एक्ट्रेस को पिछले बुधवार को निर्देशक नितेश तिवारी के कार्यालय के बाहर देखा गया, जिससे हम अनुमान लगा रहे थे कि क्या चल रहा है।

हाल ही में आलिया को मुंबई में नितेश तिवारी के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। गंगूबाई काठियावाड़ी की एक्ट्रेस झुमके के साथ लाइट पिंक कलर के कुर्ते में और भी खूबसूरत लग रही हैं। निर्देशक के भवन से निकलते ही एक्ट्रेस ने उन्हें गले से लगा लिया। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया नितेश की अगली फिल्म रामायण में अभिनय करेंगी। फिल्म में कथित तौर पर रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और यश हैं। अफवाहें बताती हैं कि इस दिवाली एक आधिकारिक घोषणा की जाएगी। बताया जा रहा है कि फिल्म दिसंबर में फ्लोर पर जाएगी।

वहीं नेटफ्लिक्स के ग्लोबल फैन इवेंट टुडुम 2०23 के लिए आलिया जल्द ही साउ पाउलो, ब्राजील के लिए ट्रेवल करेंगी। वह वहां जोया अख्तर की द आर्चीज की टीम के साथ होंगी। हॉलीवुड ए-लिस्टर्स जैसे क्रिस हेम्सवर्थ, अर्नोल्ड श्वार्जनेगर, हेनरी कैविल, गैल गैडोट और अधिक हस्तियों के नाम इस लिस्ट में शामिल है। यह आयोजन 16 जून से 18 जून तक होना है।

करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह के साथ आलिया नजर आएंगी। यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा, एक्ट्रेस जी ले ज़रा में प्रियंका चोपड़ा जोनास और कैटरीना कैफ के साथ एक्टिंग करने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।

# आई विंक से रातों-रात मशहूर हुईं थीं प्रिया प्रकाश, अब बताया कहां से आया आइडिया

प्रिया प्रकाश वारियर निर्देशक ओमर लूलू की फिल्म ओरु अदार लव में आंख मारने वाले सीन से रातोंरात फेमस हो गई थी। दस सेकंड के इस क्लिप में उन्होंने आंखों के इशारों से यंगस्टर्स को अपना दीवाना बना दिया था। वह इतनी लोकप्रिय हो गई थी कि फिल्म में माणिक्य मलाराया पूवी गाने में उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें विंक ब्यूटी के रूप में जाना जाने लगा। अब, कई सालों के बाद एक्ट्रेस ने बताया कि ये विंक मारने वाला आइडिया किसका था। एक्ट्रेस ने दावा किया कि फिल्म के लिए आंख मारने का आइडिया उन्होंने ही दिया था। ये बात सुनकर फिल्म के निर्देशक ने उनके दावों को गलत करार दिया और उनकी याददाश्त का मज़ाक उड़ाया है।



उमर लुलु ने इंस्टाग्राम पर प्रिया प्रकाश वारियर की अलग अलग इंटरव्यू की एक क्लिप शेयर की, जो उनके अभी के बयान से अलग है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर उन्हें खरी-खोटी सुनाई और लिखा, बेचारा बच्चा 5 साल के लिए भूल गया होगा। इसके बाद डायरेक्टर ने उन्हें मेमोरी लॉस के लिए मेडिसिन भी दी।

उन्होंने अच्छी याददाश्त के लिए सुझाई गई दवाओं में से एक पोस्ट ये भी लिखा और कहा, यह मेरी फिल्म में आया और कई लोगों को डेडिकेटिड है, जिन्होंने बाद में अपनी याददाश्त खो दी। निर्देशक ने सुझाव दिया कि प्रिया को अच्छी याददाश्त के लिए आयुर्वेदिक दवा वल्लयचंदानादी लेनी चाहिए, और कहा कि यह विंक वाला उनका खुद का आइडिया था ये बात उन्होंने पांच साल पहले किसी इंटरव्यू में भी बोली थी।

यह सोशल मीडिया पर एक चर्चा का टॉपिक बन गया है, क्योंकि कई नेटिजन्स ने प्रिया प्रकाश वारियर और उमर लुलु के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। कई फैंस ने एक्ट्रेस का मजाक उड़ाया एक ने लिखा, 5 साल हो गए हैं, दोनों को इसका क्रेडिट जाता है। हालांकि अभी प्रिया प्रकाश ने निर्देशक के कमेंट पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है।

# जॉली एलएलबी 3 में होगा अक्षय और अरशद का आमना-सामना

अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी 2 साल 2०17 में रिलीज़ हुई थी। यह फिल्म जॉली एलएलबी का सीक्वल थी जिसे 2०13 में रिलीज किया गया था और इसमें अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला और अमृता राव लीड रोल में थे। दोनों ही फिल्मों को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। साथ ही, आज हम जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं। बता दें कि, जॉली एलएलबी 2 के छह साल बाद अरशद वारसी ने फिल्म के तीसरे पार्ट की पुष्टि की है।



आपको बता दें कि, हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में, अरशद वारसी ने खुलासा किया कि अक्षय कुमार जल्द ही जगदीश्वर मिश्रा उर्फ जॉली के किरदार में सीक्वल के लिए वापसी करेंगे। इस पार्ट में दूसरे पार्ट के हीरो खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी ज्वाइन करेंगे। एक्टर ने यह भी पुष्टि की कि मुन्ना भाई 3 के बारे में अभी कोई प्लान नहीं है। अभिनेता ने कहा मुन्ना भाई 3 नहीं हो रहा है; संजय और मैं चाहते हैं कि ऐसा हो, राजू (हिरानी) इसे बनाना चाहते हैं और विधु (विनोद चोपड़ा) इसे प्रोड्यूस करना चाहते हैं। लेकिन अभी के लिए, ऐसा नहीं हो रहा है। अक्षय के साथ जॉली एलएलबी 3 हो रही है। धमाल के लेखक ने मुझे फोन किया और कहा कि वह अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं। गोलमाल 5 के बारे में मेरा मानना है कि एक दिन रोहित शेट्टी हमें गोवा में फिल्म की शूटिंग के लिए बुलाएंगे। वह ऐसा कर सकते हैं।

यही नहीं, अगस्त 2०22 में एंटरटेनमेंट पोर्टल पिंकविला के करीबी एक सूत्र ने भी दावा किया, सुभाष कपूर, अक्षय कुमार और अरशद वारसी कुछ समय से जॉली एलएलबी 3 का विचार कर रहे हैं। सुभाष ने एक ऐसा विषय सुलझा लिया है जो दो जॉली के बीच आमने-सामने की मांग करता है। यह कानून की अदालत में बहस के लिए एक बहुत ही दिलचस्प विषय होने वाला है।

# कांग्रेस लौटी धर्मनिरपेक्षता के एजेंडे में!

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस पार्टी धर्मनिरपेक्षता के मसले पर दुविधा में थी। आजादी के बाद से वह जिस किस्म की धर्मनिरपेक्षता की प्रैक्टिस कर रही थी उसे लेकर वह संशय में थी। 2०14 के लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद उसका विश्लेषण करने के लिए एके एंटनी की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी थी उसकी रिपोर्ट ने कांग्रेस को बदलने का रास्ता दिखाया था। एंटनी कमेटी ने कहा था कि कांग्रेस का मुस्लिमपरस्त दिखना या उस रूप में ब्रांड होना पार्टी के लिए घातक हो गया। उसके बाद ही राहुल को मोदी और कांग्रेस को भाजपा बनाने का अभियान शुरू हुआ था। कांग्रेस का एक धड़ा नरम हिंदुत्व की राजनीति बहुत दिन से करता रहा है। आज के समय में कांग्रेस के सबसे कट्टर धर्मनिरपेक्ष नेता भी 2००2 के गुजरात दंगों के बाद हुए चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद 2००3 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में नरम हिंदुत्व की राजनीति करने के पैरोकार थे। कह सकते हैं कि उस समय से ही कांग्रेस नरम हिंदुत्व और अपने ब्रांड के सेकुलरिज्म के बीच दुविधा में डोल रही थी।

एंटनी कमेटी की रिपोर्ट ने कांग्रेस की दुविधा खत्म की थी और वह खुल कर हिंदू राजनीति करने लगी थी। इसी राजनीति के तहत राहुल गांधी को शिवभक्त ठहराने का नैरेटिव बनाया गया, जो कि वे हैं नहीं। वे केदारनाथ से लेकर कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर भी गए। उनको जनेऊधारी कौल ब्राह्मण बताया गया और दस जगह पूजा-पाठ कराए गए। भाजपा के राजनीतिक दांव से ही भाजपा को जवाब देने की रणनीति बनी। लेकिन उसमें कोई कामयाबी नहीं मिली। उलटे राहुल की छवि हास्यास्पद बन गई। मुस्लिम मतदाता भी कांग्रेस की बजाय दूसरी पार्टियों में अपना मसीहा खोजने लगे। गौर से देखें तो यही नौ साल का समय असदुद्दीन ओवैसी की कट्टरपंथी राजनीति के देश भर में विस्तार का समय है। मुस्लिम वोट के दम पर दूसरी प्रादेशिक पार्टियां मजबूत हुईं या ओवैसी का आधार बढ़ा। कांग्रेस कमजोर होती गई।

इस मामले में कांग्रेस की राजनीति में बदलाव का टर्निंग प्वाइंट उत्तर प्रदेश के चुनाव नतीजों से आया। उत्तर प्रदेश में 2०22 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी मेहनत की थी। कांग्रेस पार्टी का ट्रंप कार्ड मानी जाने वाली प्रियंका गांधी सक्रिय राजनीति में उतरीं और उत्तर प्रदेश की कमान संभाली। इसके बावजूद कांग्रेस की ऐतिहासिक हार हुई। पार्टी को सिर्फ 2.4 फीसदी वोट मिले। इतिहास में इतने कम वोट पार्टी को कभी नहीं मिले थे। कांग्रेस को समझ में आ गया कि उत्तर प्रदेश के मुसलमानों ने उसे छोड़ दिया है और पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के साथ चले गए हैं। इस वजह से सपा की सीटें 47 से बढ़ कर सवा सौ हो गई और कांग्रेस सात की न्यूनतम सीमा से घट कर एक सीट पर रह गई। यह नतीजा हथौड़े की तरह कांग्रेस के ऊपर पड़ा था। कांग्रेस ने पंजाब में सत्ता गंवाई थी लेकिन उससे ज्यादा बड़ा झटका उत्तर प्रदेश के नतीजे से लगा था। कांग्रेस को पता है कि देश के मुसलमानों को उत्तर प्रदेश से मैसेज जाता है। इसलिए मार्च 2०22 के बाद कांग्रेस की राजनीति को एक बार फिर बदलने की शुरुआत हुई।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम बना, जिसके लिए 'मोहब्बत की दुकान' का जुमला गढ़ा गया। यह स्थापित किया गया देश में मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाई जा रही है और राहुल गांधी उसके खिलाफ यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने अपनी यात्रा में खुल कर धर्मनिरपेक्षता की चर्चा की और महाराष्ट्र में कम से कम दो जगह विनायक दामोदर सावरकर को निशाना बनाया। शिव सेना से तालमेल के बावजूद प्रेस कांफ्रेंस करके सावरकर पर हमला करना अनायास नहीं था। राहुल गांधी दो टूक मैसेज देना चाहते थे कि कांग्रेस मुसलमानों के साथ है। इस बीच दूसरा घटनाक्रम यह हुआ कि मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के अध्यक्ष बने। यह संयोग था, लेकिन कांग्रेस के लिए छप्पर फाड़ संयोग बन गया।

कांग्रेस ने कर्नाटक में अपने चुनाव घोषणापत्र में बजरंग दल पर पाबंदी की बात कही। यह कांग्रेस का 36० डिग्री का टर्न था। एक तरफ पार्टी के दलित राष्ट्रीय अध्यक्ष के गृह प्रदेश का चुनाव और ऊपर से बजरंग दल पर पाबंदी की घोषणा! इन दोनों ने मुस्लिम और दलित को कांग्रेस के पक्ष में पूरी तरह से एकजुट कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि ओल्ड मैसूरू इलाके में जो मुस्लिम वोट वोक्कालिगा के साथ मिल कर जेडीएस की जीत सुनिश्चित करता था वह उससे पूरी तरह से अलग हो गया और कांग्रेस के साथ चला गया। इस तरह कांग्रेस की मुस्लिम राजनीति का पहला शिकार जो प्रादेशिक पार्टी हुई वह जेडीएस है। आगे कुछ और पार्टियां हो सकती हैं। चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस की कर्नाटक सरकार धर्मनिरपेक्षता के कोर एजेंडे पर काम कर रही है। अब कांग्रेस इस राजनीति को पूरे देश में आजमाएगी। तभी नए संसद भवन के उद्घाटन के धार्मिक कर्मकांड से कांग्रेस ने दूरी बनाई और सेंगोल यानी राजदंड स्थापित किए जाने का खुल कर विरोध किया।

इसके बाद राहुल गांधी ने अमेरिका गए तो वहां नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए मुस्लिम लीग को सेकुलर कहा। उसके बाद भाजपा ने कांग्रेस व राहुल पर हमला करके उसका काम और आसान बना दिया। ध्यान रहे सेकुलर राजनीति कांग्रेस की पहचान रही है। इसलिए अगर भाजपा के नेता राहुल गांधी पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने जिन्ना की मुस्लिम लीग को सेकुलर बताया है तो इससे कांग्रेस को नुकसान नहीं होगा। अगर भाजपा ऐसा कुछ कहती तो उसे जरूर नुकसान होता, जैसा कि लालकृष्ण आडवाणी के पाकिस्तान जाकर मोहम्मद अली जिन्ना को सेकुलर कहने से हुआ था। कांग्रेस ने सफाई दी और कहा कि राहुल ने जिन्ना की मुस्लिम लीग को नहीं, बल्कि केरल की सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लोग को सेकुलर कहा। राहुल ने चाहे जिस मुस्लिम लीग को सेकुलर कहा हो, उनके कहे का मैसेज देश भर के मुसलमानों को पहुंचा होगा। राहुल ने अमेरिका में और भी कई बातें कहीं, जिनसे कांग्रेस की आगे की राजनीति का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के साथ वही हो रहा है, जो दलितों के साथ 198० में होता था। राहुल ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार के कुछ कामों का सीधा खामियाजा मुस्लिम, दलित, आदिवासी भुगत रहे हैं, और सबसे सीधा खामियाजा मुसलमान को भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि सबसे सीधा टारगेट वे हैं। राहुल ने मुसलमानों से संबोधित करते हुए कहा- जिस तरह से आप महसूस कर रहे हैं कि आपके आपको निशाना बनाया जा रहा है, निश्चित रूप से वैसा ही ईसाई, सिख, दलित, आदिवासी भी महसूस कर रहे हैं।

क्या इससे कांग्रेस की राजनीति का ब्लूप्रिंट नहीं जाहिर होता है? इस ब्लूप्रिंट का पहला दांव है, पुरानी 'धर्मनिरपेक्ष' कांग्रेस की वापसी करानी है। दूसरा, दलित वोट वापस हासिल करना है और ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि कांग्रेस ने कद्दावर दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाया है और दूसरी ओर देश के सबसे बड़े हिस्से में दलित राजनीति का प्रतिनिधित्व करने वाली बहुजन समाज पार्टी हाशिए में चली गई है। कांग्रेस को इसका फायदा मिल सकता है। तीसरा, आदिवासी समाज भाजपा से नाराज है। छत्तीसगढ़ में 2०18 में आदिवासी के लिए आरक्षित 29 में से भाजपा सिर्फ दो सीट जीत पाई थी। 2०19 में झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा आदिवासी के लिए आरक्षित 28 सीटों में से सिर्फ दो सीट जीत पाई और 2०23 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 15 आदिवासी सीटों में से भाजपा एक भी नहीं जीत पाई। चौथा, किसान आंदोलन के दौरान जिस तरह से सिखों को टारगेट किया गया उससे पूरी कौम नाराज है। चौथा, ईसाई समुदाय पर देश के कई हिस्सों में हुए हमले के बाद दूसरे सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय में चिंता और नाराजगी है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसाइयों को लुभाने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन उनके लिए कांग्रेस बेहतर विकल्प है। सो, देश का पूरा अल्पसंख्यक समुदाय, दलित और आदिवासी कांग्रेस का लक्ष्य हैं।

## सू- दोकू क्र.049

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# राजस्थान में हुई गहलोत-पायलट में सुलह ?

अजय दीक्षित

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच अरसे से चली आ रही तनातनी फिलवक्त थम गई लगती है। गौरतलब है कि राजस्थान में 2०18 में कांग्रेस की सरकार वनने के बाद सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से नवाजा गया था।

माना जा रहा था कि उनके प्रदेशाध्यक्ष रहते कांग्रेस ने एकजुटता से चुनाव लड़कर वसुंधरा राजे की भाजपा सरकार को जिस तरह पराजित किया था, उसके परिणामस्वरूप सचिन को यह पद सौंपा गया था। लेकिन पहले दिन से ही गहलोत और सचिन के बीच छत्तीस का आंकड़ा बन गया। दोनों नेता एक दूसरे के धुर विरोध में उतर आने लगे। वाद में सचिन ने अपने लिए पार्टी और सरकार में ज्यादा सम्मानजनक स्पेस हासिल करने के लिए समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा के एक होटल में डेरा डाला तो गहलोत ने बड़ी सफाई से इस प्रयास को सचिन की कांग्रेस और पार्टी नेतृत्व से बगावत के रूप में पेश किया। इसके बाद के घटनाक्रम में सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा और प्रदेशाध्यक्ष पद पर भी गोविंद सिंह डोटासरा को बिठा दिया गया। उसके वाद से दोनों नेता एक दूसरे पर तंज कसने का कोई मौका नहीं चूक रहे थे। भाषा की मर्यादा तक को भुला दिया गया था। बीच-बीच में कांग्रेस आला कमान ने तमाम कोशिशें कीं कि दोनों नेताओं के बीच सुलह कराई जाए। लेकिन हर वार नाकामी हाथ लगी। कई बार यह भी लगा कि हाई कमान की कोई सुनने को तैयार नहीं है। उसकी कमजोरी साफ नजर आती थी। लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की विजय और कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खड़गे के आसीन होने के बाद अव गहलोत और सचिन के वीच फिर से सुलह कराई गई है। बताया गया है कि कांग्रेस ने एक सर्वे कराया था जिससे पता लगा कि कांग्रेस नेता एकजुट होकर चुनाव में नहीं उतरे तो उन्हें शिकस्त मिलना तय है। आम जनता में कांग्रेस की सड़क दिख रही खींचतान कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा था। अब 1० जनपथ के हस्तक्षेप के वाद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रयास से दोनों नेताओं ने एक साथ मिलकर कांग्रेस को जिताने के लिए काम करने का भरोसा दिलाया है। लेकिन लगता नहीं है कि ऐसा हो पाएगा क्योंकि दोनों एक दूसरे का विरोध करते-करते इतना आगे निकल चुके हैं कि उनमें भरोसे का संकट खत्म होना संभव नहीं है।

# श्वेता तिवारी ने 42 की उम्र में बोल्डनेस की हदें की पार

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी फिटनेस और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी लुक फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस की सांसे थम गई हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर लुक फैंस के बीच सुर्खियां बटौरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पोल्का डॉट थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही सेक्सी दिखाई दे रही हैं। श्वेता तिवारी ने अपनी इन फोटोज में परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने सिजलिंग और हॉट पोज दिए हैं। ओपन हेयर, मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस लुक को और भी अच्छे से निखारा है। एक्ट्रेस का इन तस्वीरों में हॉट अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। और वो उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थक रहे हैं। श्वेता तिवारी अपनी इन फोटोज में चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देते हुए कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।




आज यहां पुलिस मुख्यालय सभागार में अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें कांवड़ यात्रा के परिपेक्ष्य में उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, चंडीगढ़, आसूचना ब्यूरो के अधिकारियों की अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक को पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा सम्बोधित किया गया।

# गुलदार के हमले में महिला की मौत

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। चिन्यालीसौड़ विकासखंड के भड़कोट गांव में आज सुबह खेतों में घास कटाने जा रही एक महिला पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। हमले से महिला की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व वन विभाग मौके पर पहुंचा और महिला के शव को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग नौ बजे चिन्यालीसौंड़ के ग्राम भड़कोट (कोटी सौड़) में भागीरथी देवी पत्नी स्व. भूपति प्रसाद नौटियाल घर के नजदीक ही घास लेने गयी थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान अचानक भागीरथी देवी पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में मौके पर ही भागीरथी देवी की मौत हो गयी। हो हल्ला सुनकर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होने देखा की गुलदार मृतका को खींच कर झाड़ियों की तरफ ले गया है। इस पर उन्होने वन विभाग व पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग व पुलिस की टीम पहुंची जिन्होने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवा दिया है। ग्रामीणो में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। बता दें कि इसी क्षेत्र में बीते माह गुलदार के हमले से एक अन्य महिला की मृत्यु हो गई थी।

# आर्मी एरिया से एंगल चोरी करते रंगे हाथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। आर्मी एरिया से लोहे का एंगल चोरी करते को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतनाम सिंह नायब सूबेदार क्लेमेंट टाउन द्वारा शिकायत दर्ज की गई की आर्मी एरिया रामगढ़ रेंज चेक पोस्ट के पास एक व्यक्ति आर्मी की तार-बाढ़ के एंगल तोड़कर चोरी कर रहा था, जिसे चोरी करते हुए पकड़ा गया। सूचना पर थाना क्लेमेंट टाउन पुलिस द्वारा मौके पर जाकर चोरी करते हुए युवक को चोरी के माल सहित कब्जे में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम नरेश कुमार पुत्र मान बहादुर थापा निवासी इंदिरापुरी फार्म, थाना क्लेमेंट टाउन बताया।

# धर्मान्तरण के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। महिला व बच्चों का धर्मान्तरण किये जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवादा निवासी मेंहदी हसन ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भतीजे मौहम्मद अली की पत्नी सानिया उर्फ रेशमा नवादा में निवास करती है। सानिया उर्फ रेशमा के दो पुत्र है जिनका नाम आहिल आयु 8 वर्ष, सैफ आयु 3 वर्ष है। 02 जून 2023 को राजेन्द्र पंवार पुत्र सोबत सिंह निवासी जोगीवाला, देहरादून व अन्य दो तीन व्यक्ति उसके भतीजे की पत्नी के घर पहुंचे और उसके भतीजे की पत्नी सानिया उर्फ रेशमा व दोनों पुत्रों को डरा धमकाकर घर से उठा ले गये और 11 जून 2023 को उसके भतीजे की पत्नी सानिया उर्फ रेशमा को डरा धमकाकर जबरदस्ती पण्डित से फेरे करा दिये और दोनों नाबालिग बच्चों का भी धर्मान्तरण करा दिया। यह कि उसका भतीजा मौहम्मद अली जेल में है और सानिया उर्फ रेशमा आज भी मौहम्मद अली की पत्नी है। यह कि उसको राजेन्द्र पंवार फोन कर अपनी बंदूक लेकर फोटो व्हटसअप पर डाल रहा है और उसको धमकी दे रहा है कि वह हिन्दू संगठनों मे शामिल है और वह उनको सबको जान से मार देगें। उसको यह कहकर धमकी दे रहा है कि चुपचाप घर बैठ जाओ और इन लोगो को धर्मान्तरण करने दो। उसको अंदेशा है कि उसके भतीजे की पत्नी सानिया उर्फ रेशमा व उनके दोनों पुत्रों को राजेन्द्र पंवार जान से मारकर गायब कर सकता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बेरोजगार युवकों को सरकार रोजगार उपलब्ध करायेः दलजीत सिंह

कार्यालय संवाददाता



डोईवाला। विभिन्न मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा डोईवाला मण्डल की एक महत्वपूर्ण बैठक मण्डल अध्यक्ष बलबीर सिंह की अध्यक्षता और मण्डल सचिव याकूब अली के संचालन में हुई सम्पन्न। जिसमे संगठन के जिला अध्यक्ष दलजीत सिंह विशेष रूप से हुए उपस्थित।

आज डोईवाला के चांदमारी स्थित निर्मल फार्म हाउस में अखिल भारतीय किसान सभा ने संगठन के विस्तार और किसानो से जुडे कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर एक बैठक आयोजित की।

बैठक को संगठन के जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में हालात बहुत नाजुक दौर से गुजर रहे है। कुछ अमन के दुश्मन आपसी वैमनस्य पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं जिससे सभी को सावधान रहते हुए एकता और आखंडता की बात करनी चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की कि बेरोजगार युवको के पास कोई रोजगार नही है , सरकार उनको रोजगार उपलब्ध कराये ताकि प्रदेश का बेरोजगार युवक सड़को पर नहीं बल्कि अपने काम पर ध्यान दें।

संगठन के मण्डल अध्यक्ष बलबीर सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी को मिलकर किसान सभा को मजबूत करते हुए सभी क्षेत्रों में सदस्यता अभियान 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है जिसको समय के अनुसार पुरा किया जाए और ताकि किसानो की समस्याओं पर मिलकर निर्णायक आंदोलन किया जा सके।

बैठक में मण्डल उपाध्यक्ष सरजीत सिंह ने चांडी प्लानटेशन की समस्या रखते हुए बताया कि चांडी जो की तीन तरफ से जंगल से घिरा हुआ है जिस कारण हाथी और अन्य जंगली जानवर फासलो को बर्बाद कर रहे हैं और किसानो पर सिंचाई हेतु पानी का कोई साधन नहीं है। वहाँ सिंचाई के लिए ट्यूब वेल की बहुत अवश्यकता बहुत है।

बैठक में हरबंश सिंह और जाहिद अंजुम ने डोईवाला शुगर मिल से निकलने वाले शीरे से किसानो की बर्बाद हो रही फसल के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ये कोई सामान्य घटना नहीं बल्कि ये केमिकल बबपकमदज है जो लगातार होने से भूमि को बन्जर कर देगा। उन्होंने सरकार से इसके समाधान की मांग की।

मण्डल सचिव याकूब अली ने बैठक में उपस्थित सभी किसानो को उपरोक्त समस्याओं के सम्बन्ध मे अवगत कराया कि 19 जून 2023 दिन सोमवार को संगठन के सभी साथी व समस्याओं से प्रभावित सभी किसान सुबह ठीक 10 बजे डोईवाला गन्ना सोसाइटी पर एकत्रित होंगे उसके बाद उपरोक्त सभी समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी व सम्बंधित विभाग को ज्ञापन दिता जायेगा। उन्होंने संगठन के सभी क्रांति कारी साथियों से समय पर पहुँचने की अपील की।

बैठक को पूरण सिंह, जगजीत सिंह, प्रेम सिंह,बलबीर सिंह उर्फ बिंदा, आदि ने भी सम्बोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

बैठक में मुख्य रूप से किशन सिंह, इलियास अली, गुरचरण सिंह, सिंघाराम, ध्यान सिंह, जगीरी राम , आदि काफी संख्या में किसान उपस्थित हुए।

## आफिस में घुसकर तोडफोड करने पर मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। आफिस में घुसकर मारपीट तोडफोड करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार देहराखास निवासी ईशांत वाधवा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज वह अपने आफीस दून मेडिकल कॉलेज के समीप काम-काज कर रहा था कि तभी ललित शर्मा उसका भाई निखिल शर्मा और उनके अन्य साथी उसके आफिस में घुसे और उसके साथ गाली ग्लोच व मार-पीट करने लगे और आफिस में तोड फोड करने लगे और उसके आफिस में लगा केमरा तोड कर डीबीआर अपने साथ ले गए और जाते जाते धमकी दी वह उसे जान से मार देंगे।

## चोरी हुई दो स्कूटी सहित दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चोरी की दो स्कूटी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद जावेद पुत्र यासीन निवासी लक्खी बाग देहरादून तथा रविंदर सिंह पुत्र कर्म सिंह निवासी क्रॉस रोड फालतू लाइन देहरादून द्वारा थाना कोतवाली नगर आकर अपनी स्कूटी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस टीम का गठन कर चोरी के अनावरण हेतु उच्च अधिकारियों से प्राप्त आदेशों निर्देशों से टीम को अवगत कर क्षेत्र एवं संभावित स्थानों पर रवाना किया गया। टीम द्वारा थाना क्षेत्र में सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा डोभालवाला को जाने वाला रास्ता दून बाइबल कॉलेज से आगे कच्चे रास्ते पर खाली प्लॉट से आशुतोष चौहान पुत्र अशोक चौहान निवासी घमंडपुर पोस्ट निंबूचौड थाना कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल, गोलू पुत्र बलबीर सिंह निवासी जोधपुर थाना फरीदपुर जिला फर्रुखाबाद बिहार हाल निवासी किराएदार संजय कबाड़ी मच्छी बाजार देहरादून को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई स्कूटी बरामद की गई। पकड़े गये आरोपियों द्वारा बताया गया कि वह दोनो दोस्त है, दोनो ही नशा करते है और चोरी भी वह दोनो ने साथ मिलकर की थी, नशे करने के कारण उन्हें पैसो की कमी रहती है, जिस कारण वह चोरी करते है।

# हैली सेवा के नाम पर ठगे पौने दो लाख रुपये मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। केदारनाथ के लिए हैली सेवा के नाम पर पौने दो लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्धमान नगर महाराष्ट्र निवासी विनीत झंवर ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह नागपुर से 18 लोग चार धाम की यात्रा के लिए आये थे। 23 मई 2023 को अनुराग उनियाल ने केदारनाथ की यात्रा के लिए 18 लोगो के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग करने के लिए संपर्क किया और उसके द्वारा हेलीकॉप्टर बुकिंग का आश्वासन दिया था जिसके बदले में उनसे 1 लाख 80 हजार रुपये टिकट बुक करने से पहले मांग लिए थे। उन्हें बोला गया कि हेलीकॉप्टर की टिकट के लिए उनको रुपये पहले देने होगें नहीं तो उनकी टिकट बुक नहीं हो पायेगी इसीलिए उन्होंने उसे पहले एक लाख 80 हजार की रुपये का भुगतान डिजीटल माध्यम से कर दिया। उसने उनसे 23 मई 2023 को 1,44,000 हजार रुपये ऋषिकेश वाली जो उनकी कंपनी है उस में गूगल-पे से डलवा लिये और 27 मई 2023 को हेलीकॉप्टर की टिकट देने की बात कही। 27 मई 2023 को जब उसने टिकट के लिए फोन किया वो बहाने बनाता रहा और बार बार झूठ बोलता रहा और फिर उसने उनको 28 मई 2023 को 12 बजे तक का समय दिया कि उनको हेलीकॉप्टर से फाटा से केदारनाथ भेज दिया जायेगा और वहां भी उसने झूठ बोला जिससे वह यात्रा करने से वंचित रहे गये। जब उसे बताया कि आगे यात्रा नहीं करेंगे आप हमारे रुपये वापस कर तो उसने कहा कि शाम 6 बजे तक आपको खाते में आ जायेंगे। 28 मई 2023 से आज 02 जून 2023 हो गई है और अभी तक रुपये खाते में नहीं आये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

# योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में योग करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व करने वाले हैं। दरअसल इस साल 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। दुनियाभर में योग के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल अतंरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। कार्यक्रम के लिए जारी एडवायजरी के मुताबिक, 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि आपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग सत्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं।



संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में होने वाले योग सत्र को लेकर ट्वीट किया। उन्होने कहा, मैं अगले हफ्ते यूएन के हेडक्वाटर्स के नॉर्थ लॉन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। वहीं पीएम मोदी ने भी साबा कोरोसी के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कहा है कि उन्हें भी इसका बेसब्री से इंतजार है। इसी के साथ उन्होंने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी के शामिल होने से ये कार्यक्रम और भी खास हो जाएगा।

# विदेश में छुट्टियां मना रही शिल्पा शेट्टी के घर में हुई चोरी

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के घर में चोरी हुई है। चोरी पिछले हफ्ते हुई थी और उसी पर एक मामला भी दर्ज किया गया था। जल्द ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। कथित तौर पर, जब चोरी हुई तब शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ विदेश में छुट्टियां मना रही थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों अपराधी 25 फुट ऊंची दीवार पर चढ़कर घर में दाखिल हुए। बाद में, शेट्टी के हाउसकीपिंग मैनेजर शेखर चौधरी ने देखा कि कुछ कीमती सामान और महंगे सामान गायब हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मास्टर बेडरूम, हॉल, डाइनिंग एरिया और उनकी बेटी के कमरे से कई सामान गायब हैं। इसके अलावा, यह बताया गया कि घर में अलमारी खुली और समान इधर- उधर बिखरा हुआ था। रिपोर्टों में आगे कहा गया है कि दोनों आरोपियों की पहचान अर्जुन देवेंद्र (26) और चित्ता उर्फ रमेश देवेंद्र (22) के रूप में हुई है। चित्त को सिलसिलेवार लुटेरा बताया जाता है जबकि अर्जुन पर घर में घुसने के 15 मामले दर्ज हैं।



# ज्ञानी रघबीर सिंह बने अकाल तख्त के नए जत्थेदार

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने शुक्रवार को ज्ञानी रघबीर सिंह को अकाल तख्त का नया जत्थेदार नियुक्त किया। उन्होंने ज्ञानी हरप्रीत सिंह की जगह ली है। एसजीपीसी को सिखों का मिनी संसद कहा जाता है। यहां एसजीपीसी कार्यकारिणी की आपात बैठक में रघबीर सिंह को नया जत्थेदार नियुक्त करने का फैसला किया गया। ज्ञानी हरप्रीत सिंह हालांकि बठिंडा में तख्त दमदमा सहिब के जत्थेदार बने रहेंगे। एसजीपीसी प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने स्वयं इस पद से हटने की इच्छा जाहिर की थी। धामी ने कहा, हमारी कार्यकारिणी की बैठक में हमने फैसला किया कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार बने रहेंगे।श्र उन्होंने कहा कि ज्ञानी रघबीर सिंह को अकाल तख्त का जत्थेदार नियुक्त किया गया है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह 2018 से अकाल तख्त के जत्थेदार का प्रभार संभाल रहे थे। वह पंजाब के बठिंडा में तलवंडी साबो में सिखों के एक अन्य तख्त दमदमा साहिब का नियमित प्रभार भी संभाल रहे थे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की सगाई कार्यक्रम में ज्ञानी हरप्रीत सिंह की उपस्थिति ने पिछले महीने एक विवाद खड़ा कर दिया था। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता विरसा सिंह वल्टोहा ने कार्यक्रम में सिंह की उपस्थिति का विरोध किया था।



# अब हिमाचल भी पहुंची लव जिहाद की आग

हमारे संवाददाता

शिमला। हिमाचल प्रदेश के चंबा में भी अब लव जिहाद की आग पहुंच चुकी है। यहां मनोहर हत्याकांड के बाद बीते रोज सांप्रदायिक तनाव फैल गया। गुस्साई भीड़ ने दूसरे समुदाय के आरोपियों के घरों को जला दिया। हालांकि पुलिस के पहुंचने पर भीड़ तितर-बितर हो गई। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पूरे क्षेत्र में धारा 144 लगा दी गई है। वहीं मामले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का कहना है कि सरकार को दलित युवक की हत्या की जांच एनआईए से करानी चाहिए।



❑चंबा में सांप्रदायिक तनाव, धारा 144 लागू

पुलिस को कुछ दिन पहले खबर मिली थी कि गुमशुदा मनोहर को उसकी दूसरे समुदाय की प्रेमिका व उसके परिजनों ने काटकर मार डाला है। इससे इलाके में तनाव फैल गया था। बुधवार को कुछ नेताओं ने यहां के लोगों संग बैठक की। इसके बाद बीते रोज आक्रोशित ग्रामीणों ने सलूणी, संघनी, लचोड़ी, किहार बाजार बंद कराया और थाना परिसर में घुस गए। इस दौरान मौके पर मौजूद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भीड़ को समझाने की कोशिश करते रहे मगर वह नहीं माने। ये लोग दूसरे समुदाय के हत्यारोपी को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे थे। बहरहाल, स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया, मगर इसका असर पूरे हिमाचल में देखने को मिल रहा है।

बता दें कि चंबा के सलूणी निवासी 22 वर्षीय मनोहर छह जून से घर से लापता था। परिजनों ने इसकी पुलिस में शिकायत दी थी। नौ जून को बोरी में उसके शरीर के सात टुकड़े नाले में मिले थे। यह मामला प्रेम-प्रसंग और गैर समुदाय में शादी से जुड़ा है। हत्या का आरोप दूसरे समुदाय के लोगों पर है। पुलिस का कहना है कि मनोहर का दूसरे समुदाय की लड़की से प्रेम संबंध था। छह जून को मनोहर लड़की से मिलने गया, जहां उसकी हत्या करके शरीर के टुकड़े बोरी में भरकर नाले के पत्थरों में छिपा दिए गए थे। इस हत्या का शक लड़की और उसके परिजनों पर है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शव के टुकड़े और प्रेमिका समेत सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुख्खू का कहना है कि जांच तेजी से की जा रही है। उन्होने सभी से शांति बनाये रखने की अपील की है। वहीं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पूरे मामले की जांच एनआईए से करानी चाहिए।

## दो बाइकों के बीच सीधी भिड़ंत एक की मौत, एक गम्भीर घायल



हमारे संवाददाता

नैनीताल। लालकुआं-हल्द्वानी हाईवे पर देर रात दो तेज रफ्तार बाइकों के बीच सीधी भिड़ंत होने से दोनो बाइकों में सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार कि देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग के गोरापड़ाव कुमाऊं मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास आमने सामने दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, बाइक सवार दोनों घायल काफी देर तक हाइवे पर तड़पते रहे। स्थानीय लोगों ने 108 सेवा को सूचना दी जहां मौके पर पहुंची पुलिस और 108 सेवा द्वारा दोनों को सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया जहां राजेश पुत्र सेवाराम मूलनिवासी उत्तर प्रदेश पीलीभीत की मौत हो गई, जबकि दूसरे गंभीर रूप से घायल सुमित जो हिमालय फार्म का रहने वाला है, की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाईवे पर बीती रात 2 बाईके आमने-सामने आपस में टकरा गई थी। मंडी पुलिस चौकी प्रभारी गुलाब सिंह कंबोज का कहना है कि मृतक मूल रूप से पीलीभीत उत्तर प्रदेश का रहने वाला है जो हल्द्वानी में गौला नदी में गाड़ी चलाने का काम करता था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

# सिम से हुआ ईश्वर भारती का इमरान होने का खुलासा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दस वर्ष पूर्व इमरान से ईश्वर भारती बने साधु की एक सिम कार्ड ने पोल खोल दी। जिसके बाद उसके गुरु को हरिद्वार से बुलाकर उसकी पहचान करायी गई, जिसके बाद पुलिस द्वारा उसे छोड़ दिया गया है।

जानकारी के अनुसार गत देर शाम हरिद्वार से यमुनोत्री जाते समय नैनबाग में चौहान कम्युनिकेशन की दुकान से एक साधु सिम लेने पहुंचा। जहां पर दुकानदार ने सिम कार्ड के लिए साधु से उसकी आईडी मांगी। आइडी नहीं देने पर फिंगर फ्रिंट के माध्यम से साधु का नाम इमरान पुत्र इफरान निवासी खेडी सुर्द थाना लक्सर जिला हरिद्वार पाया गया। जिस पर हो हल्ला मच गया और व्यापारियों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दे दी। जिसके बाद साधु को नैनवाग चौकी ले जाया गया। जहां पुलिस पूछताछ में साधु ने बताया कि उसने अपने गुरु मंहत सच्चिदानंद सरस्वती जूना अखाड़ा हरिद्वार से संन्यास की दीक्षा ली हुई है। जबकि 10 साल पहले साधु इमरान ड्राईवर था।

इस पर पुलिस ने जूना अखाडा हरिद्वार से संपर्क कर उसके गुरु को नैनबाग चौकी बुलाया। पूरी जानकारी हासिल होने के बाद इमरान के परिजनों से सर्पक कर उसे घर ले जाने को कहा, लेकिन परिजनों ने इमरान को ले जाने से साफ इंकार करते हुए उससे किसी भी प्रकार का रिश्ता न रहने की बात कही।



जिसके बाद हरिद्वार से महंत सच्चिदानंद सरस्वती नैनवाग पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्होंने ही इमरान को सन्यास दीक्षा दी है और उसका नाम इमरान से बदल कर ईश्वर भारती रखा है। वह विगत 10 सालों से साधु है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि वह 10 सालों से साधु बना हुआ है। साधु ईश्वर भारती को उनके अपने गुरु के साथ भेज दिया गया है।

## सीएम ने आपदा में हताहत

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, जिला अध्यक्ष भाजपा महावीर पवार, सचिव विनय शंकर पांडे, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, अपर मुख्य कार्याधिकारी बद्री केदार मंदिर समिति योगेंद्र सिंह सहित बडी संख्या में आये श्रद्धालु उपस्थित थे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*